प्रश्नपत्र संख्या
25 07 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – .................................................... राज्य ..................

प्रतियोगी का नाम – .................................. ह० .............. अनुक्रमांक: ..............

कुल समय : 1 घंटा | **कक्षा-सातवीं** | कुल अंक: 100

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए।
2) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3) किसी प्रश्न का उत्तर न देने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।
4) एक से अधिक उत्तर देने पर या गलत उत्तर देने पर (–½) नकारात्मक अंक दिए जाएँगे।

**परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्र एवं उत्तर पत्रिका कक्ष निरीक्षक को दें।**

**प्रश्न 1. व्याकरण का मूल कार्य क्या होता है?**
(क) कविता लिखना (ख) भाषा को नियमों में बाँधना (ग) गद्य को सजाना

**प्रश्न 2. 'फ़' किसका उदाहरण है?**
(क) अनुस्वार (ख) अनुनासिक (ग) नुक्ता

**प्रश्न 3. 'अंकुर' शब्द में प्रयुक्त कौन-सा चिह्न है?**
(क) अनुस्वार (ख) अनुनासिक (ग) नुक्ता

**प्रश्न 4. इनमें से कौन-सा शब्द वर्ण विचार का अंग नहीं है?**
(क) स्वर (ख) व्यंजन (ग) संज्ञा

**प्रश्न 5. 'लिपि' का कार्य क्या होता है?**
(क) भाषा को बोलना
(ख) भाषा को लिखित रूप देना
(ग) भाषा को पढ़ना

**प्रश्न 6. 'बोलियाँ' किससे संबंधित होती हैं?**
(क) लिपि से
(ख) भाषा के उच्चारण व क्षेत्र से
(ग) व्याकरण से

**प्रश्न 7. निम्न में से कौन-सी हिंदी की बोली नहीं है?**

(क) ब्रजभाषा (ख) अवधी (ग) तमिल

**प्रश्न 8. 'दुर्गम' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

(क) गम (ख) दुर् (ग) दुर्ग

**प्रश्न 9. 'अज्ञान' शब्द में कौन-सी संधि है?**

(क) दीर्घ संधि (ख) यण संधि (ग) व्यंजन संधि

**प्रश्न 10. 'राजपुत्र' में कौन-सा समास है?**

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व (ग) कर्मधारय

**प्रश्न 11. 'अथाह' शब्द के लिए एक वाक्य है-**

(क) जिसकी गहराई नापी जा सके

(ख) जिसकी गहराई न नापी जा सके

(ग) जिसकी कोई सीमा न हो

**प्रश्न 12. 'अपूर्व' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

(क) अ (ख) व (ग) पूर्व

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द क्रिया विशेषण है?**

(क) सुंदर (ख) तेज (ग) अच्छा

**प्रश्न 14. 'अनाज' शब्द किस प्रकार की संज्ञा है?**

(क) व्यक्तिवाचक (ख) जातिवाचक (ग) भाववाचक

**प्रश्न 15. अघोष वर्ण कौन-सा है?**

(क) अ (ख) ज (ग) स

**प्रश्न 16. 'दर्शक' शब्द का वचन क्या है?**

(क) एकवचन (ख) बहुवचन (ग) सदा बहुवचन

**प्रश्न 17. 'लिंग' की दृष्टि से 'दही' शब्द है?**

(क) पुल्लिग (ख) स्त्रीलिंग (ग) नपुंसक लिंग

**प्रश्न 18. किस क्रम में अधिकरण कारक का उदाहरण नहीं है?**

(क) पिताजी कार्यालय में है

(ख) अलमारी में कपड़े रखे है

(ग) यह सुधीर का पेन है

**प्रश्न 19. 'मैं कलम से लिखता हूँ।' वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(क) संप्रदान कारक (ख) कर्म कारक (ग) करण कारक

**प्रश्न 20. 'जिसने मेहनत की, वही सफल हुआ।' वाक्य में 'जिसने' सर्वनाम है-**

(क) निश्चयवाचक (ख) प्रश्नवाचक (ग) संबंधवाचक

**प्रश्न 21. 'कितना समय बचा है?' - यहाँ 'कितना' कौन-सा विशेषण है?**

(क) गुणवाचक (ख) परिमाणवाचक (ग) संख्यावाचक

**प्रश्न 22. 'त' वर्ग का उच्चारण स्थान कौन-सा है?**

(क) तालव्य (ख) मूर्धन्य (ग) दंत्य

**प्रश्न 23. 'खिलखिलाकर हँसना' किस प्रकार की क्रिया है?**

(क) अकर्मक (ख) सकर्मक (ग) संयुक्त

**प्रश्न 24. 'मैं खाना खा रहा हूँ।' यह वाक्य किस काल का है?**

(क) सामान्य वर्तमान (ख) अपूर्ण वर्तमान (ग) पूर्ण वर्तमान

**प्रश्न 25. 'कृपा' का विलोम शब्द है-**

(क) दया (ख) अपकार (ग) क्रूरता

**प्रश्न 26. 'श्री' शब्द का पर्यायवाची है-**

(क) शक्ति (ख) लक्ष्मी (ग) अखबार

**प्रश्न 27. निम्न में से अल्प प्राण वर्ण कौन से है?**

(क) अ, आ (ख) क, ग (ग) थ, ध

**प्रश्न 28. 'उसकी पाँचों उँगलियाँ घी में हैं।' - इस मुहावरे का अर्थ है-**

(क) हाथ गंदा होना (ख) खूब सुख में होना (ग) खाना बनाना

**प्रश्न 29. हिंदी में प्रयुक्त 'ऑ' किस प्रकार का स्वर है?**

(क) मूल स्वर (ख) संयुक्त स्वर (ग) आगत स्वर

**प्रश्न 30. 'राम परलोक सिधार गया।' - वाक्य में प्रयुक्त शब्द समूह क्या दर्शाता है?**

(क) पदबंध (ख) मुहावरा (ग) विलोम

**प्रश्न 31. "गृहकार्य" शब्द किस समास से बना है?**

(क) द्वंद्व (ख) अव्ययीभाव (ग) तत्पुरुष

**प्रश्न 32. मंगल शब्द का अनेकार्थक शब्द नहीं है-**

(क) मंगलवार (ख) कल्याण (ग) परिधान

**प्रश्न 33. निम्नलिखित में से एक शब्द में द्विगु समास है, उस शब्द का चयन कीजिए-**

(क) आजीवन (ख) भूदान (ग) सप्ताह

**प्रश्न 34. शब्द रचना के आधार पर बताइए कि कौन-सा शब्द 'योगरूढ़' है?**

(क) पवित्र (ख) विनिमय (ग) जलज

**प्रश्न 35. निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में सर्वनाम का अशुद्ध प्रयोग हुआ है?**

(क) वह स्वयं यहाँ नहीं आना चाहती।

(ख) आपके आग्रह पर मैं दिल्ली जा सकता हूँ।

(ग) मैं तेरे को एक घड़ी दूँगा।

(घ) मुझे इस बैठक की सूचना नहीं थी।

**प्रश्न 36. 'अभिज्ञ - अविज्ञ' शब्द युग्म का सही अर्थ क्या होगा?**

(क) जानकार - मूर्ख (ख) मूर्ख - जानकार (ग) अल्पज्ञान - अनादर

**प्रश्न 37. शुद्ध शब्द को चुनें-**

(क) भगीरथी (ख) भुख्खड़ (ग) ज्योत्सना

**प्रश्न 38. "अगर-मगर करना" मुहावरे का अर्थ है-**

(क) झूठ बोलना (ख) टालमटोल करना (ग) आरोप लगाना

**प्रश्न 39. "वह बहुत बोलता है" वाक्य में क्रिया विशेषण है:**

(क) वह (ख) बहुत (ग) बोलता

**प्रश्न 40. शुद्ध वाक्य बताइए-**

(क) मैंने यह काम किया। (ख) मैंने यह काम करवाया। (ग) मैंने यह काम करा।

**प्रश्न 41. कौन-सा शब्द 'देशज' नहीं है?**

(क) ढिबरी (ख) पगड़ी (ग) पुष्कर

**प्रश्न 42. "मनहर अपना काम अपने-आप करता है" - वाक्य में "अपने-आप" किस प्रकार का सर्वनाम है?**

(क) निश्चयवाचक (ख) निजवाचक (ग) संबंधवाचक

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

हमारे देश में जल संकट एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। एक ओर तो गाँवों में तालाब और कुएँ सूख रहे हैं, दूसरी ओर नगरों में भूमिगत जल स्तर नीचे गिरता जा रहा है। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ते उद्योग, और अव्यवस्थित शहरीकरण इसके मुख्य कारण हैं। जल का अधिकाधिक दोहन और कम वर्षा जल को संचित न करने की आदत ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। लोग नलों से पानी बहने देते हैं, खेतों में अधिक जल डालते हैं और घरों में वर्षा जल को संग्रहित नहीं करते। यदि हम समय रहते सचेत नहीं हुए, तो भविष्य में पेयजल प्राप्त करना भी कठिन हो जाएगा। जल बचाने के लिए हमें जल संचयन की तकनीकों को अपनाना होगा, जैसे - वर्षा जल संचयन, टपक सिंचाई, और जल पुनर्चक्रण। यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह जल को व्यर्थ न बहने दे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करे। जल है तो जीवन है - यह केवल नारा नहीं, एक सच्चाई है।

**प्रश्न 43. जल संकट का मुख्य कारण क्या बताया गया है?**

(क) अधिक वर्षा

(ख) शुद्ध जल की कमी

(ग) जल का अत्यधिक दोहन और कम संग्रह

**प्रश्न 44. 'वर्षा जल संचयन' का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(क) पानी बेचना

(ख) वर्षा का पानी जमा करना

(ग) भूमिगत जल निकालना

**प्रश्न 45. तकनीक नहीं है?**

(क) टपक सिंचाई (ख) नहर जल वितरण (ग) जल पुनर्चक्रण

**प्रश्न 46. गाँवों में किसका सूखना एक समस्या है?**

(क) तालाब और कुएँ (ख) सड़कें (ग) खेत

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

मत काटो इन वृक्षों को,
ये तो हैं जीवन की साँस।
इनसे मिलती छाया ठंडी,
और शुद्ध निर्मल सी श्वास।

ये फल-फूलों से भर देते,
धरती का कोना-कोना।
इनसे ही तो हरियाली है,
इनसे ही रौनक होती।

यदि वृक्षों को काटोगे,
तो सूनी होगी ये धरा।
सोचो, समझो, वृक्ष लगाओ,
यही समय की है पुकार।

**प्रश्न 47. कवि वृक्षों को किसके समान मान रहा है?**

(क) जीवन की साँस

(ख) उपहार

(ग) शत्रु

**प्रश्न 48. 'कोना-कोना' पंक्ति का आशय क्या है?**

(क) घर का कोना

(ख) हर क्षेत्र

(ग) गली-मोहल्ला

**प्रश्न 49. कवि वृक्षों के कटने पर किस बात की चेतावनी देता है?**

(क) धरती सूनी हो जाएगी

(ख) बारिश अधिक होगी

(ग) फसलें बढ़ेंगी

**प्रश्न 50. कवि पाठकों से क्या करने को कहता है?**

(क) वृक्ष काटने

(ख) वृक्ष लगाने

(ग) घर बनाने